Madhya Pradesh Tenders

# eProcurement System Government of Madhya Pradesh

## Tender Details

Date : 11-Apr-2026 05:27 PM

Print

### Basic Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| Organisation Chain | MP Forest Department\|\|MP Forest - Jabalpur Circle\|\|Division Jabalpur | | |
| Tender Reference Number | 923 | | |
| Tender ID | 2026_MPFD_499678_1 | Withdrawal Allowed | Yes |
| Tender Type | Open Tender | Form of contract | Item Rate |
| Tender Category | Goods | No. of Covers | 2 |
| General Technical Evaluation Allowed | No | ItemWise Technical Evaluation Allowed | No |
| Payment Mode | Online | Is Multi Currency Allowed For BOQ | No |
| Is Multi Currency Allowed For Fee | No | Allow Two Stage Bidding | No |

### Payment Instruments

Online Bankers

| S.No | Bank Name |
|---|---|
| 1 | INDUSIND BANK |
| 2 | INDUSIND NEFT/RTGS |

### Cover Details, No. Of Covers - 2

| Cover No | Cover | Document Type | Description |
|---|---|---|---|
| 1 | Fee/PreQual/Technical | .pdf | Tender Documents |
| 2 | Finance | .xls | BoQ |

### Tender Fee Details, [Total Fee in ₹ * - 1,295]

| | | | |
|---|---|---|---|
| Tender Fee in ₹ | 1,000 | | |
| Processing Fee in ₹ (18.00% GST Incl.) | 295 | | |
| Fee Payable To | Nil | Fee Payable At | Nil |
| Tender Fee Exemption Allowed | No | | |

### EMD Fee Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| EMD Amount in ₹ | 50,000 | EMD Exemption Allowed | Yes |
| EMD Fee Type | fixed | EMD Percentage | NA |
| EMD Payable To | Nil | EMD Payable At | Nil |

Click to view modification history

### Work /Item(s)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Title | Electrical Items Tender | | | | |
| Work Description | Electrical Items Tender | | | | |
| Pre Qualification Details | Please refer Tender documents. | | | | |
| Independent External Monitor/Remarks | ok | | | | |
| Show Tender Value in Public Domain | Yes | | | | |
| Tender Value in ₹ | 15,00,000 | Product Category | Electrical Goods/Equipments | Sub category | NA |
| Contract Type | Rate Contract | Bid Validity(Days) | 270 | Period Of Work(Days) | 15 |
| Location | Jabalpur | Pincode | 482001 | Pre Bid Meeting Place | Division Office Jabalpur |
| Pre Bid Meeting Address | Division Office Jabalpur | Pre Bid Meeting Date | 28-Apr-2026 04:00 PM | Bid Opening Place | Division Office Jabalpur |
| Should Allow NDA Tender | No | Allow Preferential Bidder | No | | |

### Critical Dates

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publish Date | 11-Apr-2026 05:20 PM | Bid Opening Date | 04-May-2026 09:00 AM |
| Document Download / Sale Start Date | 12-Apr-2026 10:00 AM | Document Download / Sale End Date | 02-May-2026 05:00 PM |
| Clarification Start Date | NA | Clarification End Date | NA |
| Bid Submission Start Date | 12-Apr-2026 10:00 AM | Bid Submission End Date | 02-May-2026 05:00 PM |



Scanned with OKEN Scanner

## ...Documents

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ...ment | S.No | Document Name | Description | Document Size (in KB) |
| | 1 | Tendernotice_1.pdf | NIT | 899.51 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Work Item Documents | S.No | Document Type | Document Name | Description | Document Size (in KB) |
| | 1 | Tender Documents | ELECTRICALITEMSTenderForm.pdf | Tender Documents | 990.96 |
| | 2 | BOQ | BOQ_601530.xls | BoQ | 345.00 |

## Bid Openers List

| S.No | Bid Opener Login Id | Bid Opener Name | Certificate Name |
|---|---|---|---|
| 1. | mlwarkade110@gmail.com | MANIK LAL WARKADE | Manik Lal Warkade |
| 2. | dmd.pradeep.shrivastava@gmail.com | PRADEEP KUMAR SHRIVASTAVA | PRADEEP KUMAR SHRIVASTAVA |
| 3. | dubeyshp@gmail.com | SADHNA CHAKRAWARTI | SADHANA CHAKRAWARTI |

## Tender Properties

| | | | |
|---|---|---|---|
| Auto Tendering Process allowed | No | Show Technical bid status | Yes |
| Show Finance bid status | Yes | Stage to disclose Bid Details in Public Domain | Technical Bid Opening |
| BoQ Comparative Chart model | Normal | BoQ Compartive chart decimal places | 2 |
| BoQ Comparative Chart Rank Type | H | Form Based BoQ | No |

## Tender Inviting Authority

| | |
|---|---|
| Name | Divisional Forest Officer jabalpur |
| Address | Division Office Jabalpur |

## Tender Creator Details

| | |
|---|---|
| Created By | SADHNA CHAKRAWARTI |
| Designation | ACCOUNT |
| Created Date | 11-Apr-2026 04:55 PM |



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, जबलपुर मध्यप्रदेश

फोन : +91-761-2624195 (कार्या.), Email: dfotjbp@mp.gov.in

क्रमांक / व्यय / Hri. / 2025-26 / 903 जबलपुर, दिनांक / 10 / 04 / 2026

प्रति,

संचालक
विज्ञापन शाखा
जनसंपर्क भवन परिषद
म.प्र. भोपाल

**विषय :-** **निविदा विज्ञापन प्रकाशन बाबत्।**

——00——

जबलुपर वनमंडल के अंतर्गत अधोसंरचना विकास कार्यो में उपयोग हेतु सामग्रियो का क्रय निविदा के माध्यम से किया जाना है जिस हेतु निविदा विज्ञापन की प्रति आपको भेजी जा रही है। कृपया विज्ञप्ति का प्रकाशन एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र एवं दो राज्य स्तरीय समाचार पत्रो में दिनांक ....12/04/2026.... तक प्रकाशित करने का कष्ट करे, साथ ही समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञप्ति की एक प्रति इस कार्यालय में भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न :-** **उपरोक्तानुसार।**

**वनमंडलाधिकारी**
**सामान्य वनमंडल जबलपुर**

**पृष्ठांकन/व्यय / Hri. / 2025-26 / 904** **जबलपुर दिनांक/** 10 /04/**2026**

**प्रतिलिपि :1.** मुख्य वन संरक्षक, मध्य वन वृत्त जबलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रैषित।
संलग्न :- विज्ञप्ति की प्रति।

**वनमंडलाधिकारी**
**सामान्य वनमंडल जबलपुर**



Scanned with OKEN Scanner

## खंड -I

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

## मध्य प्रदेश शासन

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या ____/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक ________/2026**

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015(यथा संशोधित-2022)के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | LED Bulb | | | 50000.00/- | 1000.00/- |
| A | 80 Watt | Nos | | | |
| B | 60 Watt | Nos | | | |
| C | 40 Watt | Nos | | | |
| 2 | LED TubeLight | | | | |
| A | 80 Watt | Nos | | | |
| B | 60 Watt | Nos | | | |
| C | 40 Watt | Nos | | | |
| 3 | Wire | | | | |
| A | 1 mm | Meter | | | |
| B | 1.5 mm | Meter | | | |
| C | 2 mm | Meter | | | |
| 4 | PVC Conduct Pipe (Casing Pipe 20 mm) | Nos | | | |
| 5 | Junction Box metallic | Nos | | | |
| 6 | Fan Box metallic | Nos | | | |
| 7 | PVC Band 20mm | Nos | | | |
| 8 | Copper Wire 1.5 mm Insulated | Meter | | | |
| 9 | Switch 16a AMP (Modular Accessories) | Nos | | | |
| 10 | Socket 5 Pin (Modular Accessories) | Nos | | | |
| 11 | Electronic Fan regulator (Modular Accessories) | Nos | | | |
| 12 | Concealed Metal board Modular Accessories 22X11 CM | Nos | | | |
| 13 | MCB circuit box 32 amp | Nos | | | |
| 14 | ceiling fan Energy Saver 50 Watt] 1200 mm Size | Nos | | | |
| 15 | ceikng fan Energy Saver 75-80 Watt] 1200 mm Size | Nos | | | |
| 16 | Bulb Holder | Nos | | | |
| 17 | Amoured cable Service Line Aluminium 6mm | Meter | | | |

- **नोट :- समस्त सामग्री BIS के मानक अनुसार हो एवं उनमें BIS मानक अर्थात ISI Standard का चिन्ह होना अनिवार्य है।**
- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 12.04.2026 बजे 10:00 AM से दिनांक 02.05.2026 बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 28.04.2026 समय 04:00 PM से 05:00 PM तक सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

  निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/पोर्टल में देखी जा सकती है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुध्दिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं।
- टीप–उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:

  https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

F:\Hritik's Computer DATA\DFO T JABALPUR\LETTER AND ORDER\TENDER\2026-27\ELECTRICAL ITEMS\ELECTRICAL ITEMS.docx

Scanned with OKEN Scanner

## खंड -II

## निविदाकारों के लिए निर्देश (आईटीबी)

**अ. महत्वपूर्ण तिथियां/सामान्य जानकारी**

| क्रमांक | जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | संक्षिप्त विवरण | सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. अंतर्गत वानिकी कार्य/अधोसंरचना विकास कार्यो में उपयोग होने वाली सामग्रियो के क्रय हेतु निविदा |
| 2. | ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | |
| 3. | निविदा शुल्क/निविदा दस्तावेज की लागत | 1000.00 + प्रोसेसिंग शुल्क (पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से निर्धारित) |
| 4. | सत्यांकर निधि | 50000.00/- |
| 5. | निविदा प्रस्ताव की वैधता | उस वित्तीय वर्ष के भीतर जिसमें वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। |
| 6. | निष्पादन सुरक्षा | 50000.00/- |
| 7. | अनुमानित निविदा मूल्य | 1500000.00/- |
| 8. | निविदा पूर्व बैठक की तिथि और समय | (पोर्टल पर शेड्यूल देखें) |
| 9. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (अंतिम तिथि) | (पोर्टल पर शेड्यूल देखें) |
| 10. | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावो को खोलने का समय और तिथि | (पोर्टल पर शेड्यूल देखें) |
| 11. | प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | (पोर्टल पर शेड्यूल देखें) |
| 12. | जमा करने का प्रकार | ऑनलाईन जमा https://www.mptenders.gov.in/पर करें |

1. निविदा की स्वीकृत दरो की वैधता सफल निविदाकार और वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. के बीच आपसी सहमति के अधीन 90दिनों तक बढ़ाई जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित की गई वस्तुओं की संभावित मात्रा सफल निविदाकार और वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. के बीच आपसी सहमति के अधीन बढ़ाई जा सकती है।
3. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. (निविदाकर्ता) किसी भी समय और बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है। निविदाकर्ता कोई भी स्पष्ट या निहित प्रतिबध्दता नहीं करता है कि इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप किसी के साथ कोई व्यापारिक लेनदेन होगा। यह प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) निविदाकर्ता द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं है। इस प्रकिया में निविदाकर्ता, निविदाकार की भागीदारी के परिणामस्वरूप, निविदाकार से और जानकारी या स्पष्टीकरण मांग सकता है। हालांकि, निविदाकर्ता किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इस प्रकिया को समाप्त कर सकता है।
4. प्रति निविदाकार एक निविदा:



Scanned with OKEN Scanner

निविदाकार एक व्यक्तिगत ईकाई या संयुक्त उद्धयम हो सकता है। संयुक्त उद्धयम की आवश्यकता अनुलग्नक 6 में दी गई है।

4.2 काई भी निविदाकार संयुक्त रूप से या अलग-अलग एस से अधिक निविदाए प्रस्तुत करने का हकदार नही होगा। यदि वह एसा करता है तो, निविदाकार द्वारा भाग ली गई सभी निविदाए अयोग्य मानी जावेगी।

5. निविदाकार को अपनी निविदा तैयार करने और प्रस्तुत करने से जुडे सभी खर्चे वहन करना होगा, और इसके लिये सरकार पर कोई भी दावा नही किया जायेगा।

6. निविदाकार को सलाह दी जाती है की वह कार्य/आपूर्ति स्थल और उसके आस-पास का दौरा करे और निरिक्षण करे तथा निविदा तैयार करने और अनुबंध में प्रवेश करने के लिये आवश्यक सभी जानकारी अपनी जिम्मेदारी पर प्राप्त करे। इस संबंध में सभी खर्चे निविदाकार को वहन करना होगा।



Scanned with OKEN Scanner

## (ब) निविदा दस्तावेज

7. निविदाकारो को अपनी निविदा के साथ निम्न लिखित दस्तावेज अपलोड करने होगे:-

I. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र
II. पैन कार्ड
III. पिछले 3वित्तीय वर्षो के आयकर रिर्टन
IV. 100रूपये के स्टांप पेपर पर पूरा अनुलग्नक-1
V. पूरा अनुलग्नक-2
VI. पूरा अनुलग्नक-3
VII. सी.ए. प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण-पत्र
VIII. दुकानो और प्रतिष्ठान पंजीकरण
IX. एम.एस.एम.ई. प्रमाण-पत्र यदि ई.एम.डी. छूट मांगी गई है
X. स्टार्टअप इंडिया प्रमाण-पत्र यदि वार्षि औसत टर्नओवर या/और पिछले अनुभव से छूट मांगी गई है (अनुलग्नक 4.खंड (I)और (II))
XI. अनुलग्न - 4 (पूर्व योग्यता मापदण्ड) की कंडिका II के अनुरूप पिछले तीन वित्तीय वर्ष के दौरान निविदाकार का औसत वार्षिक कारोबार निविदाकार द्वारा दी गई निविदा के मदो की संभावित राशि के दोगुने से कम नही होनी चाहिए।

8. निविदाकार से निविदा दस्तावेज के सभी निर्देशो और शर्तो की सावधानीपूर्वक जांच करने की अपेक्षा की जाती है। एसा न करने पर निविदाकार पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

**टीप :-** **निविदाकार को सामग्री का प्रदाय परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा बताई गई मात्रा को बताये गये कार्य स्थल तक पहुचाना होगा। तथा सामग्री प्रदाय हेतु परिवहन में होने वाला व्यय निविदाकार को वहन करना होगा, परिवहन हेतु की भी प्रकार का भुगतान विभाग द्वारा प्रथक से नहीं किया जावेंगा।**

9. निविदा पूर्व बैठक (जहा लागू हो)

जहा भी निविदा दस्तावेज में निविदा पूर्व बैठक का प्रावधान है:

9.1 ई-निविदा आमंत्रण सूचना में स्थान, तिथि और समय का उल्लेख किया जायेगा। निविदा पूर्व बैठक के कार्यक्रम में कोई भी बदलाव केवल वेबसाईट पर अधिसूचित किया जायेगा, और निविदाकारो को अलग से सूचित नही किया जायेगा।

9.2 कोई भी संभावित निविदाकार निविदा पूर्व बैठक से पहले या उसके दौरान लिखित रूप में अपने प्रश्न उठा सकता है अथवा स्पष्टीकरण मांग सकता है। एसी बैठक का उद्धेश्य मुद्दो को स्पष्ट करना और उस चरण में उठाये जाने वाले किसी भी मामले पर सवालो के जवाब देना है। निविदाकर्ता अपने विकल्प पर ऐसे स्पष्टीकरण दे सकता है जो उसे आवश्यक लगे।

9.3 निविदापूर्व बैठक का कार्य विवरण जिसमे उठाये गये प्रश्नो का सार और दिये गये उत्तर तथा बैठक के बाद तैयार किये गये किसी भी उत्तर को शामिल किया जायेगा, वेबसाईट पर प्रस्तुत किया जायेगा।

9.4 निविदा पूर्व बैठक के बाद यदि निविदाकर्ता निविदा दस्तावेज में संशोधित करना आवश्यक समझता है तो यह ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन जारी करके किया जायेगा।

10. सत्यांकार निधि (इ.एम.डी.)

10.1 सत्यांकार निधि की गणना मध्य प्रदेश भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उर्पाजन नियम 2015(यथा संशोधित 2022) के नियम 14 के अनुरूप की जानी है।



Scanned with OKEN Scanner

10.2 सत्यांकार निधि, निविदा शुल्क/निविदा दस्तावेज का मूल्य और प्रसंस्करण शुल्क ई-खरीद पोर्टल पर ऑनलाईन जमा किया जायेगा। ऑफलाईन जमा करना मान्य नही होगा। (उपर्युक्त नियमो के खंड 14.1 के अनुसार)

10.3 सफल सत्यांकार निधि जमा करने की रसीद की स्कैन की गई प्रति निविदा के साथ शामिल की जानी चाहिए।

10.4 असफल निविदाकारो की सत्यांकार निधि यथा शीघ्र वापिस कर दी जायेगी। (उपर्युक्त नियमो के खंड 14.2 के अनुसार)

10.5 सत्यांकार निधि जब्त की जा सकती है:

10.5.1 यदि निविदाकार, निविदा वैधता अवधि या इसकी विस्तारित अवधि, यदि कोई हो, के दौरान अपनी निविदा वापस लेता है या उद्धृत मूल्य में वृध्दि करता है;

या

निविदा प्रक्रिया के दौरान यदि निविदाकार जान बूझकर एसा कोई कार्य करता है जिससे निविदा के मूल्याकन और निविदा को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में जोखिम या अनावश्यक रूप से देरी हो;

या

सफल निविदाकार के मामले में, यदि निविदाकार निविदाकर्ता द्वारा कार्य आदेश जारी करने के 15 दिनो के भीतर निष्पादन सुरक्षा राशि जमा करने में विफल रहता है;

या

निविदा प्रक्रिया के दौरान यदि निविदा में कोई जानकारी गलत/हेरफेर/छिपी हुई पाई जाती है।

10.6 सत्यांकार निधि जप्त करने और निविदा को अस्वीकार करने के संबंध में निविदाकर्ता का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी परिस्थिति में उसपर सवाल नही उठाया जायेगा।

11. सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से तीन-कवर प्रणाली में ऑनलाईन होगी। इस निविदा सूचना के संबंध में सभी अधिसूचनाए और विस्तृत नियम एवं शर्ते वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रकाशित की जायेगी।

12. निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और निविदाओ को ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा निविदा खोलने की प्रक्रिया के लिये दिशा-निर्देश पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है।

13. पूर्व योग्यता मापदण्ड अनुलग्नक 4 में दिये गये है। निविदाकारो को अपने पूर्व-योग्यता, तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावो पर आवश्यक जानकारी केवल संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत करनी होगी। प्रारूप में कोई भी विचलन निविदा को अस्वीकार करने के लिये उत्तरदायी बना सकता है। पूर्व-योग्यता या तकनीकी लिफाफो में निविदा की वाणिज्यिक जानकारी का खुलासा निविदा को अस्वीकार करने के लिये पर्याप्त आधार होगा।

14. तकनीकी निविदा पोर्टल पर ऑनलाईन खोली जायेगी।

15. वाणिज्यिक निविदा के अलावा निविदा के किसी भी भाग में निविदा की कीमतो का उल्लेख नही होना चाहिए।

16. निविदाकार को वाणिज्यिक निविदा ऑनलाईन अपलोड करानी चाहिए और पोर्टल पर दिए गये बिल की मात्रा (BOQ) के अनुसार अपलोड करनी चाहिए।

17. निविदा मूल्य में लोडिंग, परिवहन, अनलोडिंग और स्टेकिंग (यदि आवश्यक हो) में शामिल लागत में शामिल होगी। निविदाकार वनमंडलाधिकारी द्वारा निर्देशित किसी भी स्थान पर सामग्री के परिवहन के लिये उत्तरदायी होगे, जो कि वनमंडल की भौगोलिक सीमा तक होगा। निविदा मूल्य में जी.एस.टी. अन्य सभी कर और शुल्क शामिल होगे और यह भारतीय रूपये में होगा।



Scanned with OKEN Scanner

18. सभी सम्भावित निविदाकारो को सलाह दी जाती है की वेसामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का दौरा करे और कार्य स्थितियों से खुद को परिचित करे। इस संबंध में एक प्रमाण पत्र (अनुलग्नक 3)निविदाकार द्वारा भरा जाना चाहिए। पूरा प्रमाण-पत्र निविदा दस्तावेजो के साथ अपलोड किया जाना चाहिए।

19. निविदाकार द्वारा अनुलग्नक 1 में उल्लेखित प्रारूप के अनुसार एक स्व-घोषणा- काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित प्रमाण-पत्र निविदा दस्तावेजो कें साथ रूपये 100के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

## (स) निविदा खोलना और उसका मूल्यांकन:-

20. निविदाकर्ता किसी भी या सभी निविदाओ को परियोजना के सर्वोत्तम हित में समझे जाने वाले विचारो के आधार पर बिना किसी कारण बताए, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

21. निविदाकर्ता, प्राप्त तकनीकी और वाणिज्यिक निविदाओ की जांच और मूल्यांकन करने के लिए एक निविदा मूल्यांकन समिति (TEC) नियुक्त करेगा। निविदा मूल्याकंन समिति, निविदाओ की जांच करके यह निर्धारित करेगी कि वे पूर्ण एवं उत्तरदायी है और निविदा प्रारूपRFP आवश्यकताओ के अनुरूप या नही। निविदाकर्ता, निविदा में किसी भी अनौपचारिकता या गैर-अनुरूपता को माफ कर सकता है जो निविदाकर्ता के अनुसार भौतिक विचलन का गठन नही करता है। [गैर- भौतिक विचलन छोटी-मोटी त्रुटियो या चूक को संदर्भित करता है जो निविदा की मुख्य आवश्यकताओ या मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता को प्रभावित नही करती है, जैसे कि छोटी-मोटी लिपिकीय त्रुटिया या प्रारूप संबंधि मुद्दे]

22. निविदाकर्ता केवल तकनीकी रूप से सफल निविदाकारो की वित्तीय निविदाए खोलेगा।

23. यदि कोई फर्म शुन्य शुल्क/प्रतिफल उद्धृत करती है, तो निविदा को अनउत्तरदायी माना जायेगा और उस पर विचार नही किया जावेगा। इसी प्रकार, यदि समिति/ वनमंडलाधिकारी की राय में, निविदाकर्ता द्वारा उद्धृत प्रतिफल या तो बहुत कम या बहुत अधिक, तो उसे भी अस्वीकार किया जा सकता है।

24. यदि दो या अधिक निविदाकार्ताओ के द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्ताव एस समान पाये जाते है, तो लॉटरी के माध्यम से निर्णय किया जावेगा।

25. कोई भी सशर्त निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

26. अंकगणितीय त्रुटियो को निम्न लिखित आधार पर ठीक किया जायेगा: यदि इकाई मूल्य और कुल मूल्य कें बीच कोई विसंगति है, जो इेकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करके प्राप्त की जाती है, तो इकाई मूल्य मान्य होगा और कुल मूल्य को सही किया जायेगा। यदि शब्दो और आकड़ो के बीच कोई विसंगति है, तो शब्दो में राशि मान्य होगी।

27. निविदाकर्ता किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने और अनुबंध करने से पहले किसी भी समय निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने और सभी निविदाओ को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिससे प्रभावित निविदाकार या निविदाकारो के प्रति निविदाकर्ता का कोई दायित्व उत्पन्न नही होगा तथा निविदाकर्ता की कार्यवाही के कारणो के बारे में प्रभावित निविदाकार या निविदाकारो को सूचित करने का कोई औचित्य नही होगा।

Scanned with OKEN Scanner

## (द) अनुबंध का पुरस्कार:

28. सबसे कम दर उद्धृत करने वाली फर्म को निविदा दी जायेगी। यदि एसा होता है की विभिन्न सामग्रियो के लिये प्राप्त न्यूनतम दरे अलग-अलग फर्मो से है, तो कार्य आदेश उन संबंधित फर्मो को जारी किये जायेगे, जिनकी उक्त वस्तुओ के लिए क्रमश: सबसे कम दरे है।

29. क्वांटिटी टेंडर की स्थिति में न्यनतम निविदाकर्ता को संविदा प्रदान की जाए, तथापि जहां तदर्थ आवश्यकता के लिए न्यूनतम स्वीकार्य निविदाकर्ता अपेक्षित पूरी मात्रा में आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं है तो जहां तक संभव हो बाकी मात्रा की आपूर्ति करने का आदेश न्यूनतम निर्धारित दरां पर अगले उच्च उत्तरप्रद निविदाकर्ता को उक्त स्थिति में दिया जा सकेगा, जब उनके द्वारा प्रस्तुत दर एल 1+15 प्रतिशत की सीमा में है। उक्त संविदा एल-1 को शामिल करते हुए अधिकतम तीन बिडर को घटते हुए क्रम में ही प्रदान की जा सकेगी।

30. नियोक्ता सफल निविदाकारो को स्वीकृति पत्र (एल.ओ.ए.) (अनुलग्नक 5) जारी करके सूचित करेगा की उसकी निविदा स्वीकार कर ली गई है। अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय सफल निविदाकार को शपथ-पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

31. अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले, जिस निविदाकार को स्वीकृति पत्र जारी किया गया है, उसे उस निविदा के लिये सुरक्षा जमा के रूप में अनुभाग II "महत्वपूर्ण तिथियो/सामान्य जानकारी" पृष्ठ के क्रमांक 6 में निर्दिष्ट राशि जमा करनी होगी। निष्पादन सुरक्षा क्रियाशील शाखा वाले अनुसूचित बैंक (सहकारी बैंक को छोड़कर) से सावधि जमा रसीद (एफ.डी.आर.) या बैंक गारण्टि के रूप में वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. के पक्ष में जमा की जा सकेगी। सावधि जमा रसीद (एफ.डी.आर.) या बैंक गारण्टि की वैधता अनुबंध की समपूर्ण अवधि से 3माह से अधिक अवधि के लिये होगी। यदि धारा 2 के पेरा 1 के अनुसार निविदा प्रस्ताव की वैधता कुछ अवधि के लिये बढ़ाई जाती है, तो नई निष्पादन सुरक्षा जमा राशि जमा करनी होगी। हालाकी, यदि मूल निष्पादन सुरक्षा जमा वैधता की अवधि आवश्यक निर्दिष्ट तिथि के लिये वैध है, तो उसे जारी रखा जा सकता है।

निष्पादन सुरक्षा यह संतुष्ट होने पर वापिस कर दी जायेगी कि अनुबंध के तहत निविदाकार के द्वारा दायित्वो का उचित निष्पादन किया गया है। हालाकि, विभाग द्वारा निष्पादन सुरक्षा पर कोई ब्याज देय नही होगा।

निष्पादन सुरक्षा राशि की गणना म.प्र. भण्डार क्रय नियम और सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अनुरूप की जायेगी।

32. इस अनुबंध के उल्लंघन की स्थिति में या इस अनुबंध के अनुसार लागू किसी भी दण्ड की वसूली के लिये निविदाकर्ता को सफल निविदाकार को नोटिस दिये बिना, निष्पादन सुरक्षा की राशि को पूरी तरह या आंशिक रूप से लागू करने और विनियोजित करने का अधिकारी होगा। संदेह से बचने के लिये पक्ष स्पष्ट रूप से सहमत है की निष्पादन सुरक्षा में शामिल किसी भी राशि के नियोजन की आवश्यकता वाले किसी भी चूक की स्थिति में, निविदाकर्ता सफल निविदाकार को देय किसी भी बाद के भुगतान से काटौती कर सकता है, जैसे की वह इस अनुबंध के प्रावधानो के अनुसार निष्पादन सुरक्षा को विनियोजित कर रहा हो। निष्पादन सुरक्षा को लागू करने के कारणों में निचे दी गई शर्ते शामिल है, लेकिन इन्ही तक सीमित नही है :-

I. निविदाकार सामग्री देने में सक्षम नही है या, निविदाकार ने एसी सामग्री प्रदाय की जो समिति/वनमंडलाधिकारी की राय में आवश्यक गुणवत्ता मानक को पूरा नही करती है और इस लिये निरिक्षण के दौरान उसे अस्वीकार कर दिया गया है।

II. निविदाकार या उसका कर्मचारी निविदाकर्ता के साथ अपने जुडाव के दौरान किसी भी गैरकानूनी गतिविधियो में शामिल है।

III. यदि निविदाकार लगातार तीन बार, निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि द्वारा उठाई गई आवश्यकताओ के प्रति गैर उत्तरदायी है।

IV. निविदाकार समय पर बकाया राशि का भुगतान नही करता है।



Scanned with OKEN Scanner

## 32.अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर

32.1 सफल निविदाकार को निष्पादन सुरक्षा और अतिरक्ति निशपादन सुरक्षा, यदि कोई हो, प्रस्तुत करनी होगी और स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध समझौते का प्ररूप अनुलग्नक 7 में दिया गया है।

32.2 अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर को सामग्री की आपूर्ति शूरू होने की सुचना के प्रारूप में माना जायेगा। काम शूरू करने के लिये निविदाकर्ता द्वारा निविदाकार को आम तौर पर कोई अलग आपूर्ति आदेश जारी नही किया जायेगा।

32.3 सफल निविदाकार द्वारा निष्पादन सुरक्षा, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने या अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करने में विफल रहने की स्थिति में, निविदाकार के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये निविदाकर्ता के लिये अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उसकी सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) जप्त कर ली जायेगी।

33. निविदाकर्ता, इस अनुबंध और लागू कानून के तहत किसी भी अन्य उपाय के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, सफल निविदाकार को चूक का कारण बताते हुये 30 दिनो का लिखित नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और जैसे वह उचित समझे, अनुबंध को पूरी तरह या आशिंक रूप से समाप्त कर सकता है और निविदाकार को काली सूची में डाल सकता है।

34. अनुबंध भारत में प्रचलित और लागू कानूनो द्वारा निर्धारित कानूनो और प्रक्रियाओ द्वारा शासित होगा, ऐसे वाणिज्यिक लेन-देन/प्रसंस्करण के संबंध में समय-समय पर लागू कानून और अधिनियम के ढाचे के भीतर। सभी कानूनी विवाद केवल म.प्र. के न्यायालयो के अधिकार क्षेत्र के आधिन होगा।

## ई.अन्य नियम और शर्ते

36. ब्लेक स्टोन, क्रशड एग्रीगेट और रेत की आपूर्ति के संबंध में सफल निविदाकार को प्रतयेक बिल/चालान के साथ रॉयलटी रसीद प्रदान करनी होगी।

37. जहा भी लागू हो, सामग्री में शून्यता (Voids) की कटोती की जाएगी।

38. इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उत्पादों में, निविदाकार OEM या OEM अधिकृत डीलर या आपूर्तिकर्ता होना चाहिए और उसी का प्रमाण-पत्र निविदा के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।

39. निविदाकर्ता या उसके द्वारा अधिकृत कोई भी अधिकारी आपूर्ति की गई सामग्री का कोई भी नमूना यादृच्छिक रूप से चुन सकता है और उसे प्रयोगशाला में परिक्षण करवा सकता है। सामग्री का परिक्षण NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से किया जायेगा और परीक्षण शूल्क आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा। यदि सामग्री की गुणवत्ता घटीया पाई जाती है तो कोई भी भुगतान नही किया जायेग, निष्पादन सुरक्षा जप्त की जा सकती है और आपूर्तिकर्ता को ब्लेकलिस्ट किया जा सकता है।

40. निविदाकार का प्रस्ताव अस्वीकार किया जा सकता है यदि वे निविदा दस्तावेज, नियम और शर्ते और शुद्रिधपत्र (यदि कोई हो) में मांगे गये किसी भी प्रमाण-पत्र/दस्तावेजो को अपलोड नही करते हैं।

40.1 यदि निविदा की वैधता अवधि के भीतर यह पाया जाता है कि निविदाकार द्वारा प्रस्तुत/अपलोड किये गये दस्तावेजो में से कोई या कुछ झूठे या धोखाधड़ी वाले है, तो निविदाकार का प्रस्ताव अस्वीकार किया जा सकता है। ऐसे मामले में निविदाकार का समझौता रद्द किया जा सकता है, जिसके बाद निविदाकार की सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) और निष्पादन सुरक्षा जमा जप्त की जा सकती है।



Scanned with OKEN Scanner

40.2 उपजाउ मिट्टी, जैविकखाद, गौबर खाद और मुरूम आदि जैसी सामग्रियो की आपूर्ति के संबंध में, सामग्री को वैध स्रोत से खरिदा जाना चाहिए। इसे सुनिश्चित करने के लिये निविदाकर्ता की ओर से अधिकृत अधिकारी निविदाकार से इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिये कह सकते है। यदि निविदाकार ऐसा करने में विफल रहता है, तो आपूर्ति की गई सामग्री का हिसाब नही दिया जायेगा और इसके लिये कोई भुगतान नही किया जायेगा।

40.3 यदि सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय में शूरू/ पूरी नही की जाती है, तो निविदाकार का अनुबंध रद्द किया जा सकता है, जिसके बाद निविदाकार की सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) और निष्पादन सुरक्षा जमा जप्त कर ली जायेगी। यदि कार्य पूरा करने के लिये निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी सामग्री की आपूर्ति अधूरी रहती है तो निविदाकर्ता को अन्य स्रोतों से सामगी का शेष भाग खरीदने की स्वतंत्रा होगी और उसमें व्यय की गई अतिरिक्त राशि यदि सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) और निष्पादन सुरक्षा जमा से कम है, तौ उसमें समायोजित की जायेगी। यदि यह अतिरिक्ति राशि सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) और निष्पादन सुरक्षा जमा से अधिक है तो सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) और निष्पादन सुरक्षा जमा जप्त कर ली जायेगी।

40.4 निविदाकार द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा निविदा दस्तावेज में उल्लेखित मात्रा के अनुसार अधिक या कम दानो तरफ भिन्न हो सकती है। निविदाकार निविदाकार्ता की बदलती आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति करने के लिये बाध्य होगा।

41. इस निविदा सूचना या जारी किये गये कार्य आदेश में जिन प्रावधानो का उल्लेख नही किया गया है, उनके संबंध में निर्णय लेने का अधिकार निविदाकर्ता के पास होगा।



Scanned with OKEN Scanner

## अनुलग्नक -1

प्रारूप : स्वघोषित - काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित प्रमाण पत्र

**रूपये 100/- स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना है**

**दिनांक -**

सेवा में,

वनमंडल अधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र.

महोदय/महोदया,

दिनांक ________________ के निविदा संदर्भ संख्या ____________________ के प्रत्युत्तर में, ______________________________________ के स्वामी/भागीदार/निदेशक के रूप में, मैं/हम घोषणा करते है कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म ______________________________ का रिकॉर्ड बेदाग है तथा उसे किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अनश्चित काल के लिये या किसी विशेष अवधि के लिए भ्रष्ट और धोखाधड़ीपूर्ण कार्यो के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

हम आगे घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म ______________________________ निविदा प्रस्तुत करने की तिथि पर किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भ्रष्ट और धोखाधड़ीपूर्ण व्यवहार के अलावा अन्य कारणो से काली सूची में नहीं डाली गई है और न ही अयोग्य घोषित की गई है।

यदि यह घोषणा गलत पाई जाती है तो किसी भी अन्य कार्यवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति पूर्णतः जब्त कर ली जाएगी तथा निविदा, यदि कोई हो, को स्वीकार की गई सीमा तक रद्द कर दिया जाएगा।

आपका धन्यवाद,

निविदाकार का नाम :-

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता :-

संगठन की मुहर :-

दिनांक :-

स्थान :-

Scanned with OKEN Scanner

## अनुलग्नक -2

### प्रारूप: निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति/ फर्म का विवरण

1. निविदाकर्ता/ फर्म का नाम :- ____________________

2. पिता का नाम :- ____________________

3. स्थायी पता मकान क्रमांक :- ____________________
____________________
____________________

   गली क्रमांक :- ____________________

   स्थान :- ____________________

   जिला ____________________ पिन कोड ____________________

4. कार्यालय का पता :- ____________________

   गली क्रमाकं ____________________

   स्थान ____________________

   जिला ____________________ पिन कोड ____________________

5. सत्यांकार की राशि (इ.एम.डी.) का विवरण प्रकार:- एफ.डी.आर./बैंक गारंटी ____________________

   संख्या दिनांक ____________________

   राशि ____________________

   बैंक का नाम ____________________

6. जी.एस.टी. नंबर ____________________

निविदाकार के हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

# घोषणा

मैं, ________________________________________________

पिता/पति________________________________________________

घोषणा करता हू कि उपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है। यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगती पाई जाती है, तो उसके लिये में पूरी तरह जिम्मेदार रहूगा। मेने निविदा दस्तावेज की सभी शर्ते, नियमो और आवश्यकताओं को पढ़ा और समझ लिया है और उनका पालन करने की शपथ लेता हू।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

## अनुलग्नक –3

प्रारूप: समाग्री प्रदाय क्षेत्र भ्रमण प्रमाण-पत्र

मैं/हम ________________________________________ जानता हू/ जानते है कि सामग्री की आपूर्ति का दायरा सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. का संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र होगा। मैं/हम ________________________ सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. के अंदर किसी भी दिए गए स्थान पर आपूर्ति करने के लिये सहमत है।

मुझे/हमे क्षेत्र, प्रकार, स्तर, दूरी आदि के बारे में कोई आपत्ति नही है।

मेने/हम ने काम/आपूर्ति स्थान का पूरी तरह से निरिक्षण किया है और निविदा के लिए आवेदन करने से पहले कार्य स्थलो के बारे में पूरी तरह से संतुष्ट है और सभी कार्य स्थितियो को समझते है।

निविदाकार के हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

## अनुलग्नक –4

### पूर्व-योग्यता मापदंड

निविदाकार के पास होना चाहिए:

"पिछले तीन वित्तीय वर्षो के दौरान निविदाकार का औसत वार्षिक कारोबार निविदाकर्ता द्वारा दी गई निविदा के मदो की संभावित राशि के दोगुने एवं समान कार्य का अनुभव निविदा के मदों की संभावित राशि के 25% से कम नहीं होना चाहिए।

संयुक्त उद्यम के मामले में, कम कारोवार वाली फर्म के कारोबार को मूल्यांकन के लिए माना जाएगा। यदि निविदाकार के गठन/निगमन की तारीख तीन वर्ष से कम पुरानी है, तो गठन की तारीख के बाद पूरे हुए वित्तीय वर्षो के संबंध में औसत कारोबार को इस मापदंड के लिए ध्यान में रखा जाएगा।"

Scanned with OKEN Scanner

## अनुलग्नक –6

## संयुक्त उध्यम (ज्वांइट वेंचर)

यदि संयुक्त उध्यम की अनुमति दी जाती है तो निम्न लिखित शर्तो और आवश्यकताओ को पूरा किया जाना चाहिए:

1. साझेदार के रूप में दो या अधिक फर्मो कें संयुक्त उध्यम द्वारा प्रस्तुत निविदाए निम्नलिखित आवश्यकताओ को पूरा करेगी:

क. भागीदारो में से एक को प्रमुख भागीदार के रूप में नामांकित किया जायेगा, और इस प्राधिकरण को सभी भागीदारो के कानूनी रूप से अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओ द्वारा हस्तांतरित मुख्तारनामा प्रस्तुत करके प्रमाणित किया जायेगा,

ख. निविदा और, सफल निविदा के मामले में, समझोते पर हस्ताक्षर किये जायेगे ताकि यह सभी भागीदारो पर कानूनी रूप से बाध्यकारी हो,

ग. प्रभारी भागीदार को संयुक्त उध्यम के किसी भी और सभी भागीदारो के लिए और उनकी ओर से देयताओ को वहन करने और निर्देश प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया जायेगा और भुगतान सहित अनुबंध का पूरा निष्पादन विशेष रूप से प्रभारी भागीदार के साथ किया जायेगा,

घ. संयुक्त उध्यम के सभी भागीदार अनुबंध की शर्तो के अनुसार अनुबंध के निष्पादन के लिए संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होगे, और इसी आशय का एक कथन उपर [सी]के तहत उल्लेखित प्राधीकरण में शामिल किया जायेगा, साथ की निविदा में और अनुबंध में [सफल निविदा के मामले में]

ङ. संयुक्त उध्यम समझौते में योजना और निष्पादन के संबंध में संयुक्त उध्यम के सभी सदस्यो की भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए। अनुबंध की अवधि के दौरान संयुक्त उध्यम के सभी सदस्यो की निष्पादन में सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। निविदाकर्ता की पूर्व स्वीकृति के बिना इसे बाद में बदला/ संशोधित नही किया जाना चाहिए,

च. संयुक्त उध्यम समझौते को पंजीकृत किया जाना चाहिए, ताकि यह कानूनी रूप से वैध हो और सभी भागीदारो पर बाध्यकारी हो, और

छ. भागीदारो द्वारा किये गये संयुक्त उध्यम समझौते की एक प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी।

2. निविदा के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता मापदण्डो के साथ निविदाकार निष्पादन और निर्धारित करने के लिए संयुक्त उध्यम के प्रत्येक भागीदार के आकड़े एक साथ जोड़े जायेगे। सभी भागीदारो को सामूहिक रूप से निर्दिष्ट मानदंडो को पूरा करना होगा। इस आवश्यकता का निष्पादन करने में विफलता के परिणाम स्वरूप संयुक्त उध्यम की निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।
3. संयुक्त उध्यम की निष्पादन सुरक्षा साझेदार प्रमुख साझेदार/ संयुक्त उध्यम के नाम पर होगी।
4. संयुक्त उध्यम की ओर से निविदा हस्ताक्षरकर्ता(यों) को अधिकृत करने वाले साझेदारो की पावर ऑफ अटॉर्नी संलग्न करें
5. संयुक्त उध्यम के सभी साझेदारो के बीच हुए समझौते को संलग्न करें (और जो सभी सझेदारो पर कानूनी रूप से बाधकारी है) जो निविदाकारो के लिए निर्देशो में दर्शाई गई आवश्यकताओ को दर्शाता है।
6. संयुक्त उध्यम में भागीदारो का विवरण नीचे दिये अनुसार प्रस्तुत करे:

| क्रमांक | भागीदारी विवरण | फर्म "ए" (प्रमुख भागीदार) | फर्म "बी" | फर्म "सी" |
|---|---|---|---|---|

Scanned with OKEN Scanner

# अनुलग्नक –7

## अनुबंध प्रपत्र

## अनुबंध

यह अनुबंध, दिनांक____________ को वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. और मेसर्स ________________________________________ (निविदाकार का नाम और पता)जिसे आगे निविदाकार "निविदाकार" कहा जाएगा, के बीच दूसरे पक्ष के लिए किया गया है।

जबकी निविदाकर्ता चाहता है की निविदाकार वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. (अनुबंध का नाम और पैहचान संख्या) (जिसे आगे "कार्य"कहा जायेगा) द्वारा मात्रा के बिल और उसमें दी गई दर के बराबर वस्तुओ की आपूर्ति निष्पादित करे और निविदाकर्ता ने निविदाकार द्वारा मात्रा के बिल और उसमें दी गई दर के बराबर वस्तुओ की आपूर्ति के लिए बोली को स्वीकार कर लिया गया है।

अब यह अनुबंध इस प्रकार प्रमाणित होता है:

1. इस अनुबंध में शब्दो ओर अभिव्यक्तियो का वही अर्थ होगा जो उन्हे अनुबंध की शर्तो में क्रमश: निर्दिष्ट किया गया है और उन्हे इस अनुबंध के भाग के रूप में पढ़ा और समझा जायेगा।
2. निविदाकर्ता द्वारा निविदाकार को किये जाने वाले भुगतानो के विचार में, जैसे की आगे उल्लेख किया गया है, निविदाकार अनुबंध के प्रावधानो के साथ सभी पहलुओं में अनुरूपता में कार्य निष्पादित और पूरा करने के लिए निविदाकर्ता के साथ अनुबंध करता है।
3. निविदाकर्ता अनुबंध के प्रावधानो के तहत अनुबंध मूल्य या एसी अन्य राशि जो अनुबंध द्वारा निर्धारित समय और तरीके से देय हो सकती है, के निष्पादन और पूरा होने के विचार में निविदाकार को भुगतान करने के लिए अनुबंध करता है।
4. निम्नलिखित दस्तावेजो को इस अनुबंध के भाग के रूप मं तैयार और समझा जायेगा अर्थात

I. स्वीकृति पत्र
II. निविदाकारों को निर्देश
III. अनुलग्नक 1 से 3
IV. बिलो की मात्रा (BOQ) और
V. निविदा दस्तावेज में सूचीबध्द कोई अन्य दस्तावेज जो अनुबंध का हिस्सा है

जिसके साक्ष्य में पक्षकारो ने इस समझौते को लिखित रूप से पहले दिन और वर्ष में निष्पादित किया है।

सामान्य मुहर ____________________________________इस पर निम्नलिखित की उपस्थिति में लगाई गई थी:

उक्त ____________________________ द्वारा हस्ताक्षरित, मुहरबंद और परिदत्त ____________________ की उपस्थिति में:

वनमंडल अधिकारी

सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. निविदाकार के बाध्यकारी हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

# अनुलग्नक –8

मैं ...........................................................पिता ..........................................
पता ................................................... प्रोपराईटर मेसर्स ..........................................
आपके कार्यालय की निविदा क्रमांक ...................................... में सफल होने पर मेरे द्वारा निविदा में उल्लेखित सामग्री निम्नानुसार कम्पनी/ब्रांड का प्रदाय करूंगा।

| सामग्री का नाम | स्पेसिफिकेशन | कम्पनी/ब्रांड का नाम |
|---|---|---|
| | **LED Bulb** | |
| 80 Watt | | |
| 60 Watt | | |
| 40 Watt | | |
| | **LED TubeLight** | |
| 80 Watt | | |
| 60 Watt | | |
| 40 Watt | | |
| | **Wire** | |
| 1 mm | | |
| 1.5 mm | | |
| 2 mm | | |
| PVC Conduct Pipe (Casing Pipe 20 mm) | | |
| Junction Box metallic | | |
| Fan Box metallic | | |
| PVC Band 20mm | | |
| Copper Wire 1.5 mm Insulated | | |
| Switch 16a AMP (Modular Accessories) | | |
| Socket 5 Pin (Modular Accessories) | | |
| Electronic Fan regulator (Modular Accessories) | | |
| Concealed Metal board Modular Accessories 22X11 CM | | |
| MCB circuit box 32 amp | | |
| ceiling fan Energy Saver 50 Watt] 1200 mm Size | | |
| ceiling fan Energy Saver 75-80 Watt] 1200 mm Size | | |
| Bulb Holder | | |
| Armoured cable Service Line Aluminium 6mm | | |

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

Scanned with OKEN Scanner